बरेली, बुधवार
18 फरवरी, 2026
नगर संस्करण

दैनिक जागरण inext

PAGE NO. 02, TOP

# SRMS में हैंड्स-ऑन कार्यशाला का आयोजन



bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (17 Feb):** श्री राम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी बरेली, के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 16 एवं 17 फरवरी 2026 को सीएडी प्रिंटिंग का परिचय" विषय पर दो दिवसीय हैंड्स-ऑन कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया.कार्यशाला के संकाय समन्वयक डॉ. सत्य देव एवं डॉ. पुष्पेंद्र यादव रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ एमओसी साक्षी तिवारी द्वारा अतिथियों एवं प्रतिभागियों के स्वागत के साथ हुआ. विभागाध्यक्ष (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) डॉ. रविंद्र कुमार ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला. महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) प्रभाकर गुप्ता ने अपने संबोधन में आधुनिक उद्योगों एवं इंडस्ट्री 4.0 में 3डी प्रिंटिंग जैसी उभरती तकनीकों के महत्व को रेखांकित किया. धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आशीष कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम में उप-प्राचार्या डॉ. ऋतु सिंह, आईआईसी के संयोजक इंजी. आशीष अग्रवाल तथा अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे.पहले दिन डॉ. सत्य देव ने औद्योगिक क्रांतियों तथा 3डी प्रिंटिंग तकनीक के विकास पर विस्तृत व्याख्यान दिया.